
कायाकल्प अभियान के तहत अधिकारियों ने किया निरीक्षण

बक्सर(आससे)। जिले में सरकारी संस्थानों की व्यवस्था दुरुस्त करने और आधारभूत सुविधाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से रविवार को कायाकल्प अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडों में वरीय पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी साहिला के निर्देश पर आयोजित इस निरीक्षण के दौरान सरकारी भवनों एवं परिसरों में उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सरकारी संस्थानों में साफ-सफाई, स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता, शौचालयों की स्थिति और भवनों के रखरखाव की समीक्षा करना था। अधिकारियों ने संबंधित स्थलों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक सुधारों पर जोर दिया।



निरीक्षण के क्रम में संबंधित कर्मियों को कमियों की पहचान कर उनका समयबद्ध निराकरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, परिसरों में स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने और उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले में सरकारी अवसंरचनाओं के रंग-रोगन एवं जीर्णोद्धार का कार्य भी कराया जा रहा है। जिला प्रशासन का उद्देश्य कायाकल्प अभियान के माध्यम से सरकारी संस्थानों की कार्यप्रणाली और सुविधाओं को बेहतर बनाना है, ताकि आम नागरिकों को सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकें। प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को सुधारात्मक कार्रवाई नियमित रूप से जारी रखने का निर्देश दिया है।

पंचायत विकास दिवस पर डीडीसी ने ग्रामीण विकास पर दिया जोर

बक्सर (आससे)। पंचायत विकास दिवस के अवसर पर रविवार को चुरामनपुर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त निहारिका छवि ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पंचायतों के समग्र विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण इकाई हैं।

पंचायत स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, स्थानीय जरूरतों के अनुरूप विकास कार्यों का चयन और जनभागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने विकास योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के साथ पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर भी बल दिया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में जनप्रतिनिधियों, संबंधित पदाधिकारियों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। सामूहिक प्रयासों से स्थानीय समस्याओं की पहचान कर उनका समाधान किया जा सकता है तथा विकास कार्यों को गति दी जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान पंचायतों को सशक्त बनाने, स्वच्छता, सामाजिक कल्याण और आधारभूत सुविधाओं के विकास के माध्यम से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार की आवश्यकता रेखांकित की गई। पंचायत विकास दिवस को ग्रामीण विकास की उपलब्धियों की समीक्षा करने और सतत एवं समावेशी विकास के संकल्प को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया गया।

भाजपा बगेन मंडल में सुनी गयी प्रधानमंत्री की 'मन की बात'



बक्सर (आससे)। ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के बगेन मंडल अंतर्गत कुरुथिया गांव में रविवार को बूथ संख्या 410 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोड को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। कार्यक्रम की अध्यक्षता बगेन मंडल अध्यक्ष उदय कुमार उज्जैन ने की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संदेशों पर चर्चा करते हुए देश के गुमनाम नायकों, समाजसेवियों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों की उपलब्धियों को प्रेरणादायक बताया गया। विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में प्रगति, मानव मस्तिष्क से जुड़ी बीमारियों के अध्ययन तथा आधुनिक तकनीक के महत्व पर भी विचार साझा किए गए। वहीं, दीपावली और छठ पूजा जैसे त्योहारों पर स्थानीय कारीगरों के उत्पाद खरीदने और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील को 'वोकल फॉर लोकल' अभियान के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। बिहार के मखाने जैसे स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहचान दिलाने पर भी जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने की बात कही। इस अवसर पर मंडल महामंत्री मनजी पासवान, धरीक्षण सिंह, बूथ अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, पप्पु सिंह, नारायण ठाकुर, गोलू सिंह, उज्जवल सिंह, मोहन सिंह, रमन ठाकुर, मनीष ठाकुर, तूफानी बिन और रेयाश उज्जैन सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

चौसा स्टेशन पर रेलवे अधिकारियों के आश्वासन के बाद अनशन समाप्त

बक्सर (आससे)। चौसा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर शुक्रवार से चल रहा अनशन शनिवार की शाम समाप्त हो गया। रेलवे अधिकारियों के आश्वासन के बाद स्टेशन प्रबंधक वसीम खान, ट्रैफिक इंस्पेक्टर विंध्याचल पांडे और आरपीएफ के दरोगा दिलीप कुमार ओझा ने अनशनकारियों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। इसके बाद चौसा रेलवे यात्री संघर्ष समिति ने आंदोलन को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया।

समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पार्षद सह अधिवक्ता डॉ. मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में स्टेशन परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि चौसा स्टेशन हजारों यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

समिति ने बक्सर-डुमरी-दीनदयाल उपाध्याय फास्ट पैसेंजर (03287/03288), श्रमजीवी एक्सप्रेस, हावड़ा-अमृतसर मेल, मगध एक्सप्रेस और जनशताब्दी एक्सप्रेस का चौसा स्टेशन पर दोनों दिशाओं में ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा



स्टेशन परिसर में हाईमास्ट लाइट, डिलक्स शौचालय, वातानुकूलित रिटायरिंग रूम, वाटर कूलर और कंप्यूटरीकृत आरक्षण प्रणाली उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई।

रेलवे अधिकारियों ने दिया सकारात्मक पहल का भरोसा

आंदोलन के दौरान दानापुर रेल मंडल के अधिकारियों की ओर से प्रतिनिधियों ने समिति की मांगों को संबंधित पदाधिकारियों तक पहुंचाने की पहल की। अधिकारियों की ओर से मांगों पर सकारात्मक विचार करने और समस्याओं के निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इसके बाद अनशन समाप्त कराया गया।

समिति ने स्पष्ट किया कि फिलहाल आंदोलन स्थगित किया गया है, लेकिन मांगों पर ठोस कार्रवाई की अपेक्षा बनी रहेगी। आश्वासन के अनुरूप पहल नहीं होने पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। प्रदर्शन में विश्वजीत कुमार उपाध्याय, चंदन चौधरी, कैप्टन अशोक यादव, आनंद रावत, भरत पांडे, रामलखन पाल, सुनील कुमार सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

प्रशासनिक पहल से दृष्टि बाधित महिला को मिला संपत्ति पर दखल-कब्जा



बक्सर (आससे)। जिले के सिमरी अंचल में प्रशासनिक पहल से दोनों आंखों से दृष्टिबाधित दिव्यांग महिला रामदुलारी देवी को संबंधित संपत्ति पर दखल-कब्जा दिलाया गया। अनुमंडल दंडाधिकारी, डुमरांव के आदेश के अनुपालन में की गई इस कार्रवाई से महिला को अपने वैधानिक अधिकारों के संरक्षण में मदद मिली है। कार्रवाई के बाद रामदुलारी देवी ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामदुलारी देवी बनाम राजनारायण राय एवं अन्य के मामले में पारित आदेश के अनुपालन में सिमरी अंचल प्रशासन ने दखल-कब्जा दिलाने की कार्रवाई पूरी की। जिला प्रशासन की ओर से इसे कानून के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया है।

यह कार्रवाई माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 की धारा 4 और बिहार माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली, 2012 के नियम 5 के तहत पारित आदेश के अनुपालन में की गई।

उक्त अधिनियम का उद्देश्य माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण, कल्याण तथा उनके जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस मामले में प्रशासनिक आदेश के क्रियान्वयन से संबंधित महिला को संपत्ति पर दखल-कब्जा प्राप्त हुआ।

जिला प्रशासन ने कहा कि दिव्यांग एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ विधिसम्मत कार्रवाई करना सुशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

प्रशासन नागरिकों के वैधानिक अधिकारों की रक्षा और जनसमस्याओं के नियमानुसार समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

30 को पटना में अभाविप करेगाप्रदर्शन, बनी रणनीति

बक्सर (आससे)। एबीवीपी की ओर से आगामी 30 अक्टूबर को पटना में प्रदर्शन किया जाएगा। इसे लेकर रविवार को एमवी कॉलेज परिसर में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति बनाई गई। साथ ही प्रदर्शन से संबंधित पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में विभाग संयोजक अविनाश पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी परिषद राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों और विद्यार्थियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाती रही है। देश की एकता, अखंडता और संवैधानिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर युवाओं को जागरूक करना परिषद का दायित्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 30 को पटना में आयोजित प्रदर्शन में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। जिला संयोजक अभिनंदन मिश्रा ने एसआईआर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की पारदर्शिता



और निष्पक्षता लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। मताधिकार की रक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। इस विषय पर उठने वाले सवालों का मूल्यांकन तथ्यों और संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रीय और लोकतांत्रिक मुद्दों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

नगर मंत्री विवेक पांडेय ने कहा कि युवाओं को देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति सजग रहना चाहिए। परिषद विद्यार्थियों को सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पटना में होने वाले प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जिले के कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ जुटेंगे। बैठक के अंत में प्रियांशु शुभम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर खेलो भारत के प्रांत सह संयोजक अनीश तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सदानंद पांडेय, अभिराम मिश्रा, राहुल कुमार, संजीत यादव, दुर्गेश पांडेय, अमन चौबे, शुभांकित पांडेय, दिव्यांशु मिश्रा, आदित्य सिंह, प्रभास चौबे, दीपक कुमार, आदित्य ओझा, समीर तिवारी, रिशु यादव, सागर सोनी और सुमित कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विदेश जाने से चार दिन पहले सड़क हादसे में युवक की मौत

बक्सर (आससे)। सिमरी थाना क्षेत्र के खरहाटांड़-डुमरी पथ पर महरौली मोड़ के समीप शनिवार की देर रात बाइक और पिकअप की सीधी टक्कर में 35 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान महरौली गांव निवासी सुदर्शन यादव उर्फ तूफानी यादव के पुत्र विकास यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि विकास कुछ दिन पहले ही छुट्टी लेकर गांव आया था। वह चार-पांच दिनों बाद दोबारा काम करने के लिए विदेश जाने वाला था। लेकिन, विदेश लौटने से पहले ही सड़क हादसे ने उसकी जिंदगी छीन ली। इस घटना से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।

बताया जाता है कि रात करीब 10 बजे विकास बाइक से घर से निकला था। इसी दौरान खरहाटांड़ की ओर से डुमरी जा रही एक पिकअप से महरौली मोड़ के पास उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विकास की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। विकास की मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2026
***for* BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar**

Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/07 Dated : 24.10.2026

NOTICE for Online Application & Choice Filling (Round-3)

Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Round-2 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Round-3 Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling [UGMAC(Ayush)]-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/01 & 2026/02 Dated 18.09.2026, 2026/03 Dated 26.09.2026 and 2026/04 Dated 09.10.2026 and are not admitted in any Ayush Colleges of India, for admission to the first year UG Ayush Medical Courses (BAMS / BHMS / BUMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC(Ayush)-2026 prepared on the basis of All India Rank of NEET(UG)-2026 on the vacant seats available after admission on the basis of UGMAC(Ayush)-2026 Online Round-2 Counselling held from 22.10.2026 to 23.10.2026.

Consent is also invited from eligible candidates who have already duly submitted the Online Application form earlier and fall under the condition mentioned in para-19 of the Adv.No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/06 dated 24.10.2026 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Round-2 Counselling is available on Board's website: **bceceboard.bihar.gov.in** . If any further vacancies due to resignation etc. arise, the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.

3. The online Registration & submission of Application Form-cum-Choice Filling/ Editing of Application form data / Editing of Choices / Consent (Round-3) will start from **28.10.2026.**

4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the prospectus of UGMAC(Ayush)-2026 and **Advertisement No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/06 dated 24.10.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination

जद यू के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य सम्मान

बक्सर (आससे)। जिले के ढकाइच स्थित ऐतिहासिक बालेश्वरनाथ मंदिर परिसर में रविवार को जनता दल यूनाइटेड अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। गोंड आदिवासी समुदाय की ओर से



आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्षों, सचिवों और विशेष आमंत्रित सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष रामजीत गोंड, झुलन गोंड, पिंकी कुमारी, प्रभु गोंड, सचिव बबली गोंड, छितेश्वर गोंड और कार्यकारिणी सदस्य धन बिहारी गोंड को सम्मानित किया गया। वहीं, जिलाध्यक्ष के रूप में मनोनीत विजय गोंड का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विजय गोंड ने किया। समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जदयू अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र उरांव और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया जाएगा। अनुसूचित जनजाति समुदाय के हितों की रक्षा और उसके विकास के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे।

पदाधिकारियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय को समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने जनजातीय समुदाय की समस्याओं को संबंधित मंचों पर उठाने और जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में काम करने की बात कही।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को जिला, प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी। समाज के अधिकार, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। जदयू अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विजय गोंड ने कहा कि यह समारोह गोंड आदिवासी समाज की एकता, आपसी सहयोग और राजनीतिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर विकास कार्यों में भागीदारी निभाने की अपील की।

हर बच्चे तक पहुंचे पोलियो की खुराक



बक्सर (आससे)। विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर शनिवार को शहर के चीनी मिल मोहल्ला स्थित साबित खिदमत फाउंडेशन एवं अस्पताल परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसका आयोजन साबित खिदमत फाउंडेशन और ह्यूमन राइट सोशल जस्टिस की जिला इकाई ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान केक काटकर दिवस मनाया गया। बैनर के माध्यम से लोगों को पोलियो की दो बूंद खुराक के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। फाउंडेशन के निदेशक एवं रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिलशाद आलम ने कहा कि पोलियो से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए नियमित टीकाकरण बेहद जरूरी है। इसके लिए अभिभावकों को जागरूक होना होगा। प्रत्येक पात्र बच्चे को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पोलियो की खुराक दिलानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत ने पोलियो उन्मूलन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2011 में देश में पोलियो का अंतिम मामला सामने आया था। इसके बाद वर्ष 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत सहित पूरे दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र को पोलियो-मुक्त घोषित किया।

इस सफलता में स्वास्थ्यकर्मियों, सरकारी प्रयासों, समाजसेवियों और रोटरी इंटरनेशनल जैसी संस्थाओं की अहम भूमिका रही है। डॉ. आलम ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो वायरस का प्रसार अब भी चिंता का विषय है।

ऐसे में सतर्कता बरतना जरूरी है। पोलियो के खिलाफ जागरूकता और टीकाकरण अभियान लगातार जारी रहना चाहिए।

उन्होंने पोलियो वैक्सीन के विकास का उल्लेख करते हुए डॉ. जोनस साल्क और डॉ. अल्बर्ट साबिन के योगदान को भी याद किया। कार्यक्रम में एमडी साहब राज, रुक्साना, राम बेलाल, रितेश, सलीम, रितू, ब्रजेश, कलाम, दीपक, मनीष कुमार, राहुल कुमार, सुनील कुमार, नसीम, मुख्तर, अरुण सिंह, अरुण कुमार, हलीम, उर्मिला और अंजू सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे।

भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सीईएन) संख्याः 08/2026

(सांकेतिक सूचना)

स्टेशन मास्टर पदों के लिए भर्ती

पात्र अभ्यर्थियों से स्टेशन मास्टर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्रस्तुत किए जाने चाहिए। **(https://www.rrbapply.gov.in)**

आवेदन आरम्भ होने की तिथि : 27.10.2026 (अनंतिम)
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 25.11.2026 23:59 बजे तक (अनंतिम)

पद के नाम	7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल	चिकित्सा मानक	दिनांक 01.01.2027 को आयु	अनंतिम रिक्तियां (सभी आरआरबी)
स्टेशन मास्टर	पे लेवल–6	विस्तृत सीईएन के अनुसार	विस्तृत सीईएन के अनुसार	1250 (अनुमानित)

नोटः 1. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय आधार का उपयोग करके अपने प्राथमिक विवरण को सत्यापित कर लें, ताकि गैर–आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में होने वाली विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा एवं विलंब से बचा जा सके।

2. आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए, आधार में दर्ज नाम एवं जन्म तिथि को10 वीं कक्षा के उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र में अंकित पूरा नाम एवं जन्म तिथि से 100% मिलान करने के लिए अपडेट किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार में नवीनतम फोटो एवं नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट एवं आइरिस) के साथ अपडेट करना होगा।

3. यह सूचना केवल सांकेतिक प्रकृति की है जिसे संभावित अभ्यर्थियों को आगामी विस्तृत सीईएन (CEN) के बारे में सूचित करने तथा आवेदन हेतु आवश्यक प्रमाण–पत्रों /दस्तावेजों को तैयार रखने के उद्देश्य से जारी किया गया है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती से संबंधित सभी नियमों, शर्तें, पात्रता मानदंड, प्रक्रियाएं एवं अन्य आवश्यकताएं पूर्णतः विस्तृत सीईएन संख्या 08/2026 (साथ ही समय–समय पर जारी किए जाने वाले शुद्धिपत्र सहित) के अनुसार ही मान्य होंगी, जो विशेष रूप से सभी आरआरबी की एकीकृत वेबसाइट **https://rrb.indianrailways.gov.in** पर प्रकाशित की जाएगी। अभ्यर्थी इस एकीकृत वेबसाइट से अलग–अलग आरआरबी के वेबपेज पर जा सकते हैं।

सं– आरआरबी/पैट/08–26/स्टेशन मास्टर/2026/09 **अध्यक्ष**
दिनांक– 25/10/2026 **रेलवे भर्ती बोर्ड**
पीआर/1188/आरआरबी/एमएचएक्स/आरआरबी/नोटिफिकेशन/26–27/156

''जालसाजों, दलालों एवं नौकरी दिलाने का झांसा देने वालों से सावधान रहे''